मुख्यमंत्री ने गोंडा में 1,132 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का शुभारंभ एवं मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास किया

चर्चा में क्यों?

27 अक्तूबर, 2021 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोंडा में 1,132 करोड़ रुपए लागत की 144 विकास और चिकित्सा परियोजनाओं का शुभारंभ किया तथा एक सरकारी मेडिकल कॉलेज की आधारशिला रखी।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मेडिकल कॉलेज में वर्ष 2022-23 तक प्रवेश प्रारंभ हो जाएगा।
- इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण और शहरी) के लाभार्थियों को घरों की सांकेतिक चाबियाँ सौंपी और मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, कन्या सुमंगला योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन तथा कन्या विवाह सहायता योजना जैसी कल्याणकारी योजनाओं के तहत पात्र लाभार्थियों को लाभ भी दिया।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने राज्य के 45 लाख रुपए से अधिक गन्ना किसानों के लिये 1.44 लाख करोड़ रुपए का रिकॉर्ड भुगतान किया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/cm-launches-projects-worth-rs-1132-crore-and-lays-foundation-stone-of-medical-college-in-gonda